# युवा पीढ़ी ''विकसित एवं श्रेष्ठ भारत'' के लिए गौ सेवा से जुड़े : वासुदेव देवनानी

## ''हरियालो राजस्थान'' व ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में रविवार को सांचौर शहर स्थित शिवशक्ति नगर में ''हरियालो राजस्थान'' व ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। साथ ही गौ कृषि जीवन अभियान का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए युवा पीढ़ी वर्ष 2047 तक ''विकसित एवं श्रेष्ठ भारत'' के निर्माण हेतु प्रकृति एवं गौ सेवा से जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हमारा देश विकास के पथ पर निरंतर प्रगतिरत है तथा वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथे पायदान पर काबिज हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत आगामी वर्षों में सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के उच्च मूल्यों के समावेशन से पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कृषि पद्धतियों में हो रहे आधुनिक बदलावों तथा ऑर्गेनिक खेती को अपनाने की



**कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी समेत अतिथियों ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं को प्रतीक स्वरूप सहायता राशि के चैक प्रदान किए।**

बात कही। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि वर्तमान में कृषि में रसायन का अधिक उपयोग होने के कारण भूमि बंजर हो रही है तथा रसायनों से मानवों व पशुओं में बीमारियां फैल रही है। हमें गौ संरक्षण करने के साथ ही जैविक खेती करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में वृक्षारोपण कर उनका संरक्षण करने के साथ ही हमें प्रकृति व पर्यावरण के संतुलन की दिशा में अग्रसर होना होगा।

इस अवसर पर श्रवणसिंह राव बोरली ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जालोर जिले की गौशालाओं में 15 हजार पौधारोपण तथा क्षेत्र की 75 जरूरतमंद बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से लाभ प्रदान करवाने का कार्य किया जा रहा है।

■ **वर्तमान में कृषि में रसायन का अधिक उपयोग होने के कारण भूमि बंजर हो रही है : सांसद राजेन्द्र गहलोत**

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने वृक्षारोपण करते हुए पौधों से सुसज्जित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गौशालाओं के लिए रवाना किया। अतिथियों ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 75 बालिकाओं को प्रतीक स्वरूप सहायता राशि के चैक प्रदान किए गए। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उपस्थित जनसमूह को वृक्षारोपण करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, जिला प्रमुख राजेश राणा, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी, उपखंड अधिकारी सांचौर प्रमोद कुमार, खीमाराम सुथार, श्रवण मोदी, मंगलसिंह सिराणा सहित क्षेत्र के साधु-संत, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

# बयाना स्टोन क्रशर पर गैस सिलेंडर फटा, वेल्डर झुलसा

## गैस कटर से काम कर रहे वेल्डर का सिलेंडर अचानक लीक हो गया था

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। बयाना थाना क्षेत्र के भगोरी गांव स्थित एक स्टोन क्रशर पर बड़ा हादसा हो गया। गैस कटर से काम कर रहे एक वेल्डर का सिलेंडर अचानक लीक हो गया, जिससे चिंगारी लगते ही उसमें आग भड़क उठी। इस हादसे में वेल्डर गंभीर रूप से झुलस गया। झुलसे वेल्डर की पहचान उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के गांव खरेबली निवासी सरफराज (28) के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सरफराज स्टोन क्रशर पर गैस कटर से लोहे की प्लेट काट रहा था, तभी गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज हो गया।

■ **स्थानीय लोगों ने स्टोन क्रशर पर सुरक्षा के इंतजामों की कमी को लेकर नाराजगी जताई**

कुछ ही पलों में चिंगारी ने आग का रूप ले लिया और सरफराज लपटों की चपेट में आ गया। साथ काम कर रहे मजदूरों ने शोर मचाकर तुरंत काम बंद कराया और किसी तरह आग बुझाकर सरफराज को बयाना उप जिला अस्पताल पहुंचाया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उप जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. जोगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि सरफराज का चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर उसे बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र भरतपुर रेफर किया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने स्टोन क्रशर पर सुरक्षा के इंतजामों की कमी को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ऐसे खतरनाक काम में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण और सतर्कता बरती जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

# लोक अदालत में जिला जज ने दिव्यांग की समस्या सुनी

**भरतपुर,** (निसं)। लोक अदालत में जिला सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक ने मानवता का परिचय दिया है। लोक अदालत में बिजली विभाग के अधिकारी खुद कुर्सी पर बैठकर दिव्यांग व्यक्ति को जमीन पर बिठाकर समस्या सुन रहे थे। जिला जज कौशिक ने दिव्यांग व्यक्ति को अपनी बगल की कुर्सी पर बैठकर समस्या सुनी। बिजली विभाग के स्टाफ के प्रति नाराजगी जताई। दिव्यांग व्यक्ति को जिला जज की मानवता के बाद बिजली बिल में 55 प्रतिशत की छूट मिली। दिव्यांग व्यक्ति 2019 में बिजली बिल जमा नहीं करने पर बिजली कनेक्शन काटने के कारण अपनी समस्या को लेकर लोक अदालत में आया था। दिव्यांग व्यक्ति के चेहरे पर दिखाई दी खुशी। जज केशव कौशिक के कार्य की सराहना हो रही है।

# हमीरवास पुलिस ने सड़क किनारे पड़े अज्ञात व्यक्ति को घर पहुंचाया

**सादुलपुर,** (निसं)। घर से तीन-चार दिनों से लापता एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को हमीरवास थाना पुलिस ने उसके परिजनों तक पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया है।

जानकारी के अनुसार अज्ञात व्यक्ति सादुलपुर-पिलानी सड़क पर स्थित गांव थिरपाली छोटी और थिरपाली बड़ी के बीच सड़क किनारे पुलिस को बदहवास हालत में मिला। इस सम्बंध में हमीरवास थाना अधिकारी जय कुमार भादू ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गांव थिरपाली छोटी और थिरपाली बड़ी के बीच में सड़क से थोड़ी दूर एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि


■ **लापता भाई को देखकर बहन के झलके आंसू, पुलिस का आभार जताया**

पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि अज्ञात व्यक्ति की हालत खराब है और चलने- फिरने व बोलने की हालत में नहीं था। शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। ऐसी हालत में देखकर पुलिस ने अज्ञात का प्राथमिक उपचार करवाकर और नहला-धूलाकर नए कपड़े पहनाए तथा सरकारी वाहन में बैठाकर खाना खिलाया। थाना अधिकारी भादू ने बताया कि तसल्ली देकर उसका नाम व पता पूछा तो अपना नाम मंदरूप (50) निवासी बागोर पुलिस थाना खेतड़ी जिला झुंझुनू हाल गांव भगीना पुलिस थाना पिलानी होना बताया। पुलिस ने पूछताछ में यह जानकारी भी हासिल की बुजुर्ग मन्दरूप अपनी बहन भतेरी पत्नी कुरडाराम के साथ गांव भगीना में ही रहता है। पुलिस ने मौके पर अन्य लोगों की मदद से घर से लापता हुए बुजुर्ग मंदरूप के बारे में पूछताछ की तथा बुजुर्ग के भांजे सोमवीर के मोबाइल नम्बर प्राप्त कर घटना के बारे में अवगत करवाया, जिस पर सोमवीर ने पुलिस को बताया कि मंदरूप उसके मामा लगते हैं जो मानसिक रूप से परेशान हैं, दिमाग की हालत ठीक नहीं है, मंदबुद्धि होने के कारण कभी-कभी घर से बाहर निकल जाते हैं और वापस घर आ जाते हैं, लेकिन 3-4 दिनों से घर से बाहर निकल गया था। खोजबीन भी की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिस पर पुलिस ने उसके भांजे सोमवीर और उसकी बहन भतरी देवी को सौंपा, तो बहन की आंखों में खुशी के आंसू झलक उठे तथा हाथ जोड़कर के पुलिस का आभार जताया। थाना अधिकारी जयकुमार भादू, हेड कांस्टेबल रामनारायण ने पुलिस दल के साथ 3-4 दिनों से लापता व्यक्ति को उसके परिवार जनों को पहुंचाने की कार्रवाई की है।

# किंग कोबरा का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**बूंदी,** (निसं)। कोबरा खतरे की स्थिति में अपने शरीर का अगला हिस्सा जमीन से लगभग 3 से 4 फीट (1 से 1.2 मीटर) तक उठा सकता है, लेकिन किंग कोबरा जैसे कुछ बड़े कोबरा एक इंसान जितने ऊँचे भी खड़े हो सकते हैं। खतरा महसूस होने पर कोबरा फन फैलाकर खुद को बड़ा दिखाने की कोशिश करता है।

बून्दी के नैनवां रोड़ से किंग कोबरा का रेस्क्यू किया गया था। जानकारी के अनुसार बूंदी के नैनवां रोड गेट नंबर 6 प्रेम नगर कॉलोनी में रविवार को प्रहलाद बैरवा के घर एक कोबरा सांप की सूचना पर टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू एक्सपर्ट कुलदीप सिंह हाडा मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा का सफलपूर्वक रेस्क्यू किया और उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ा। हाडा ने बताया कि सांप की लम्बाई 6 फिट



**बून्दी के नैनवां रोड़ से किंग कोबरा का रेस्क्यू किया गया।**

थी। सांप का रेस्क्यू करने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस पर एक्सपर्ट हाडा ने वहां के आस पास की कॉलोनी वासियों को सांप के बारे में जानकारी दी और बारिश के दौरान घरों में साफ सफाई रखने की सलाह दी। सांप का सफलपूर्वक रेस्क्यू करने पर कॉलोनीवासियों ने एक्सपर्ट हाडा को धन्यवाद दिया।

# जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बीदासर,** (निसं)। शिवाजी बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदासर के प्रांगण में रविवार को चार दिवसीय 69 वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी गिरधारी लाल मेहला की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि एसीबीईओ द्वितीय चरण सिंह घोटड़ व विशिष्ट अतिथि पार्षद महेंद्र माली, विद्यालय संरक्षक रामस्वरूप रक्षक, राकेश साहू थे। मुख्य अतिथि चरण सिंह ने झंडारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के संयोजक व प्रधानाचार्य मुकेश रक्षक ने बताया कि चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले की 28 टीमों के 450 खिलाड़ी भाग ले रहे है। एसीबीईओ घोटड़ ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेले।विद्यालय संरक्षक रामस्वरूप रक्षक ने कहा कि हमारे जीवन में खेल व व्यायाम का सबसे बड़ा महत्व है।

# पोस्टर का विमोचन

**सादुलपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वाधान में तेरापंथ युवक परिषद सादुलपुर व राजगढ द्वारा रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर भाजपा नेता कृष्ण भाकर ने पोस्टर का विमोचन किया। भाकर ने कहा कि 17 सितम्बर को लगने वाले रक्तदान शिवर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें। इस अवसर पर अध्यक्ष तेयुप सादुलपुर उमेश लुणावत, मंत्री प्रमोद सरावगी, प्रमोद दुग्गड, दीपक मल, मनोज सोनी, राजगढ़ तेयु अध्यक्ष ऋषभ जैन व मंत्री अभिषेक सरावगी सहित युवा साथी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**झुंझुनूं।** छात्र संगठन एसएफआई ने राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय परिसर संबंधी मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

जिला उपाध्यक्ष विकास जैदिया ने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थाई गार्ड की व्यवस्था की मांग की। जिला महासचिव प्रिया मिठारवाल ने बताया कि महाविद्यालय का वाटर प्यूरीफायर भी कुछ महीनों से खराब हैं और पानी की टंकियों की सफाई भी नहीं हुई हैं। जिसके संबंध में उन्होंने ज्ञापन दिया है। विक्रम सिंह ने बताया कि महाविद्यालय मैदान को साफ करने की मांग रखी है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विकास गुर्जर ने बताया कि इसके साथ ही एसएफआई ने एक अलग से ज्ञापन शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा। जिसमें उन्होंने एनसीसी और स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी साहित्य विषय की मांग की।


इस मौके पर विकास गुर्जर, कंचन, गायत्री, अंकिता, साक्षी, अंकित, सलमान, सुर्जित, आदित्य बजावा, तौफीक पठान, मोनू चौधरी, सुमित, रक्षित, गौरव, अक्षय, योगेश, देव, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

# विप्र फाउंडेशन ने प्रतिभाओं का सम्मान किया

**बुहाना,** (निसं)। खेमका कुलदेवी मंदिर प्रांगण में विप्र फाउंडेशन जिला इकाई व बुहाना उपखंड की ब्राह्मण समाज विकास समिति सिंघाना-बुहाना के संयुक्त तत्वावधान में गौड़ ब्राह्मण महासभा के तहसील अध्यक्ष गुरुदयाल शर्मा की अध्यक्षता व विफा के जिला संयोजक उमाशंकर महमिया, संरक्षक राजेंद्र जोशी, सुभाष शर्मा चिड़ावा, एडवोकेट सुशील जोशी, जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, जिला मंत्री वशिष्ठ शर्मा, चिड़ावा तहसील अध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा, विजय कुमार शर्मा के आतिथ्य में समारोहपूर्वक बुहाना के सौरभ शर्मा का समाज में उत्कृष्ट योगदान व उपलब्धियों के लिए व कड़ी मेहनत कर सरकारी सेवा में राजपत्रित पद प्राप्त करने पर उनका पुष्पमाला, दुपट्टा, साफा, गोल्ड मैडल पहनाकर व अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम संयोजक ब्राह्मण समाज सेवा समिति बुहाना, सिंघाना के अध्यक्ष व विफा के उपाध्यक्ष एडवोकेट नरेश भारद्वाज ने बताया कि समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वालों व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने से प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समाज की प्रतिभाओं की खोज कर गांव ढाणियों तक युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। जिससे विप्र एकता को बल मिलेगा। युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर समाज के अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। अभिनंदन पत्र का वाचन महेश शर्मा धुलवा ने किया, जबकि मंच का संचालन ब्राह्मण समाज विकास समिति बुहाना के महामंत्री डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने किया। आए हुए अतिथियों का व समाज के गणमान्यजन का धन्यवाद बुहाना सिंघाना ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष एडवोकेट नरेश भारद्वाज ने ज्ञापित किया। नंदकिशोर शर्मा, निरंजलाल, मनोहर जोशी, बजरंगलाल, बाबूलाल, चंद्रप्रकाश शर्मा, भास्कर शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रद्धा शर्मा, अनिता भारद्वाज, पवन शर्मा, रविदत्त वशिष्ठ, संतोष कौशिक, हवलदार नथमल शर्मा पुहनिया आदि विप्र समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तीन वर्ष बाद भीण्डर का झड़ू बांध छलका



**भीण्डर का प्रमुख जलस्त्रोत झड़ू बांध छलकता हुआ।**



**मोतिदा पंचायत क्षेत्र में स्थित झड़ू बांध पहाड़ियों के बीच बना हुआ है।**

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर नगर की पेयजल का प्रमुख जल स्त्रोत झड़ू बांध 14 सितंबर रविवार सुबह 10.30 बजे छलक गया। 2022 के बाद से पिछले तीन वर्षों से छलकने का इंतजार कर रहे भीण्डरवासियों के लिए खुशियों का दिन लेकर आया। 36 फीट भराव क्षमता वाले झड़ू बांध में 26 एमसीएफटी पानी जमा होता है। इस बांध से भीण्डर नगर की करीब 27 हजार आबादी को अगले 15 माह तक बिना रूके पेयजल सप्लाई की जा सकती है। 12 वर्षों से लगातार छलक रहा झड़ू बांध पिछले दो वर्ष 2023 व 2024 में कम बारिश के कारण नहीं छलक सका था।

**पहाड़ों के बीच बनाया हुआ है झड़ू बांध :-**भीण्डर से महज 5 किमी दूर मोतिदा पंचायत क्षेत्र में स्थित झड़ू बांध पहाड़ियों के बीच निर्मित कर रखा है। 26 एमसीएफटी पानी की भराव क्षमता वाले झड़ू बांध के चारों तरफ पहाड़ियां स्थित है। यहां ओवरफ्लो होकर जाने वाले पानी का रास्ता भी पहाड़ियों के बीच से ही गुजरता है। यहां का प्राकृतिक नजारा देखते ही बनता है। झड़ू बांध से ओवरफ्लो होकर जाने वाला पानी आकोला-पाणुन्द से गुजर रही गोमती नदी से होकर जयसमंद में मिलता है।

- ■ **भीण्डर की 27 हजार आबादी के पेयजल का प्रमुख जलस्त्रोत है झड़ू बांध**
- ■ **36 फीट भराव क्षमता वाले झड़ू बांध में 26 एमसीएफटी पानी जमा होता है**

**अच्छी बारिश और पहाड़ों से हुई पानी की तेज आवक :-**भीण्डर नगर की पेयजल सप्लाई का प्रमुख जलस्त्रोत झड़ू बांध पिछले 8 वर्षों में से 6 बार अगस्त माह में छलक गया तो दो बार सितम्बर की शुरूआत में छलका है, लेकिन पिछली बार कमजोर मानसून के चलते झड़ू बांध पहली बार अक्टूबर माह में छलका था। भीण्डर नगर की पूरे वर्षभर होने वाली पेयजल सप्लाई का करीब 70 प्रतिशत पानी इस बांध से ही लिया जाता है। जुलाई व अगस्त माह में अच्छी बारिश होने से पानी की अच्छी आवक हुई और पहाड़ियों से लगातार पानी की आवक होने से बांध लबालब हो गया।

**15 वर्षों में 13 बार छलका, दो वर्ष में नहीं आया पानी :-**भीण्डर नगर का प्रमुख जल स्त्रोत झड़ू बांध पिछले 15 वर्षों में 13 बार छलका है। वर्ष 2011 से 2022 तक लगातार प्रतिवर्ष छलकता रहा, लेकिन पिछले दो वर्षों में कम बारिश की वजह से 2023 व 2024 में बांध में पानी नहीं भरा, लेकिन इस वर्ष पिछले सप्ताह लगातार बारिश से पानी की अच्छी आवक होने से आज झड़ू बांध छलक गया। इससे पहले वर्ष 2008 से 2010 तक, लगातार तीन वर्ष तक भी बांध में पानी की कमी रही थी, लेकिन वर्ष 2011 से 2022 तक लगातार छलकता आ रहा है।

# भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर जिला कार्यशाला संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया जाएगा। इस दिन से 15 दिनों के लिए भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़े का आगाज होगा, जिसमें सामाजिक सरोकार के साथ-साथ मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता आमजन के बीच जाएंगे।

सेवा पखवाड़े से पूर्व रविवार को झुंझुनूं बीजेपी की ओर से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य वक्ता भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर थी। जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला को झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर तथा भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने बताया कि भाजपा एक राजनैतिक दल है, लेकिन सामाजिक सरोकारों में भी हमेशा आगे रहता है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर दो अक्टूबर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इस बार

■ **सामाजिक सरोकारों को साथ लेकर चलने वाला दल है भाजपा : अल्का गुर्जर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है, इसलिए इस मौके को ऐतिहासिक बनाने के लिए ना केवल मेडिकल कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप, नमो मैराथन, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र, सबका साथ सबका विकास के नारों को भी साकार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। इस दिन से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसंबर तीन महीने तक आत्मनिर्भर भारत की दिशा में काम होगा। युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस बार सेवा पखवाड़े के दौरान भी और सेवा पखवाड़े के बाद भी जीएसटी में दी गई छूट को लेकर आमजन को जागरूक किया जाएगा। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फेस्टिव सीजन से पहले जीएसटी की दरों में कमी है। उससे एक गृहिणी खुश है। टैक्स भी उन चीजों का कम किया गया है। जो आमजन के काम आने वाली है। इस मौके पर सेवा पखवाड़ा अभियान के जिला संयोजक जगदीश सोनी पिलानी ने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जीएसटी अभियान के जिला संयोजक एक सीए ने कर प्रणाली पर प्रकाश डाला। आत्मनिर्भर भारत अभियान के सह संयोजक संजय मोरवाल ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं से जन जन को जागरूक करने को कहा। संचालन जिला महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा ने किया।

इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान में राजस्थान में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिला संयोजक सुनिल लांबा व मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिला संयोजक महावीर ढाका को राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इन अभियानों में विधानसभा में अव्वल रहने पर मंडावा, खेतड़ी व नवलगढ़ विधानसभा संयोजकों को भी सम्मानित किया गया।